एक नजर में

## वरिष्ठ समाजसेवी सतीश दुबे सम्मानित



**इंदौर/ देवास.** औदुम्बर ब्राह्मण समाज की पत्रिका औदुम्बर वाणी का वार्षिक समारोह श्री औदुम्बर महासभा भवन, देवास में आयोजित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ अभिभाषक श्याम सुंदर शर्मा थे. विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी ओमप्रकाश पुराणिक इंदौर, डॉ. श्याम सुंदर चौधरी, अखिल भारतीय औदुम्बर ब्राह्मण महासंघ के अध्यक्ष प्रदीप जोशी, महासभा इंदौर के पूर्व अध्यक्ष आशुतोष शर्मा तथा महासंघ के महासचिव उमेश द्विवेदी उपस्थित रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता देवास महासभा के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने की. अतिथियों का स्वागत गजेंद्र चौधरी, प्रेमेंद्र दुबे, राजेंद्र जोशी एवं रक्षा चौधरी ने किया. स्वागत भाषण डॉ. श्याम सुंदर चौधरी ने दिया. समारोह में वरिष्ठ समाजसेवी सतीश दुबे को समाज के प्रतिष्ठित औदुम्बर वाणी सम्मान से सम्मानित किया गया. संचालन ओमप्रकाश चौधरी, भावेश कानूनगो एवं जगदीश कानूनगो ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. प्रदीप दुबे ने माना.

## मातृशक्ति को सम्मान देना ही सच्चा धर्म



**इंदौर.** आज के युग में गरिमापूर्ण और शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए धर्म सबसे अनिवार्य तत्व है. देवी भागवत में मृत्यु के भय से मुक्ति और श्रेष्ठ जीवन दर्शन के सन्देश निहित हैं. देवी भागवत का मूल सन्देश यही है कि संसार के हर एक जीव, विशेषकर मातृशक्ति में एक असीम दैवीय शक्ति विद्यमान है जिसे पहचानना और सम्मान देना ही सच्चे धर्म की स्थापना है। ये प्रेरक विचार हैं श्रुति सागर आश्रम फुलगांव पुणे की प्रख्यात आध्यात्मिक गुरुमाता स्थितप्रज्ञानंद सरस्वती के, जो उन्होंने साउथ तुकोगंज स्थित श्रीनाथ मंदिर संस्थान पर पुरुषोत्तम मास के पावन प्रसंग पर सोमवार से प्रारंभ हुए देवी भागवत ज्ञान यज्ञ के दिव्य आयोजन में उपस्थित देशभर से आए श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए. कथा शुभारंभ के पूर्व नाथ मंदिर संस्थान में भागवतजी की शोभा यात्रा भी निकाली गई. कथा में 22 और 23 मई को लोककल्याण की भावना से नवचंडी स्वाहाकार यज्ञ, शनिवार 23 मई को सुबह 9 बजे से कुमकुमार्चन विधि का अनुष्ठान भी होगा जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं शामिल होंगी. संस्थान के पदाधिकारियों ने जनता से इस आयोजन का पुण्य लाभ उठाने का आग्रह किया है.

## अग्रसेन क्रिकेट महालीग का शुभारंभ



**इंदौर.** अग्रसेन क्रिकेट क्लब की मेजबानी में स्कीम 140 पाथ ग्राउंड स्थित महाराजा अग्रसेन चौक पर 24 मई तक चलने वाले अग्रसेन क्रिकेट महालीग का शुभारंभ समाजसेवी टीकमचंद गर्ग, विष्णु बिंदल एवं संतोष गोयल के आतिथ्य में महाराजा अग्रसेन के चित्र पूजन के साथ हुआ. स्पर्धा में प्रतिदिन शाम 5 से रात 10 बजे तक दूधिया रोशनी में 16 टीमों के 144 खिलाडी अपने बल्ले और गेंद के जोहर दिखाकर आकर्षक पुरस्कार जीतेंगे. क्लब के प्रमुख परामर्शदाता गोविन्द सिंघल मामा, संजय बांकडा, राहुल गोयल बंटी ने बताया कि अग्रसेन महालीग के नाम से यह लगातार दूसरा आयोजन हो रहा है. पाथ ग्राउंड पर दर्शकों की सुविधा के लिए अनेक प्रबंध किए गए हैं. पहले दिन कई शानदार मुकाबले खेले गए. आयोजन से जुड़े प्रयोग गर्ग, राहुल गुप्ता, अनमोल अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, पिंकी-रवि अग्रवाल, सौरभ गोयल बालाजी एवं अंशुल अग्रवाल ने प्रारम्भ में अतिथियों का स्वागत किया.

## कन्हैया के भजनों ने बांधा समां, झूमे श्रद्धालु



**इंदौर.** शहर के सुभाष चौक स्थित राम भक्त हनुमान मंदिर परिसर में विधायक गोलू शुक्ला द्वारा आयोजित भव्य श्याम कीर्तन ने रविवार रात पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया. भजन सम्राट कन्हैया मित्तल की मधुर प्रस्तुतियों ने ऐसा समा बांधा कि हजारों की संख्या में मौजूद श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में झूमते रहे. रात सवा दस बजे जैसे ही कन्हैया मित्तल मंच पर पहुंचे, पूरा परिसर जय श्री श्याम के जयघोष से गूंज उठा. विधायक गोलू शुक्ला ने संत जीतू गुरु का स्वागत किया, वहीं रुद्राक्ष शुक्ला द्वारा भजन सम्राट कन्हैया मित्तल का पुष्पमाला पहनाकर अभिनंदन किया गया. कीर्तन के दौरान हारा हूँ बाबा पर तुझपे भरोसा है, गजब मेरे खाटू वाले, श्याम की कृपा एवं बालाजी अच्छा लागे से जैसे प्रसिद्ध भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। महिलाएं, युवा एवं बुजुर्ग सभी भक्तिरस में डूबे नजर आए। पूरा वातावरण जयकारों और भजनों से गुंजायमान हो उठा. इस अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मालिनी गौड़, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, जिला अध्यक्ष श्री श्रवण सिंह चावड़ा एवं श्री हरिनारायण यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. अतिथियों का स्वागत दीपेंद्र सिंह सोलंकी, शुभम सोनी एवं संदेश लड़ा द्वारा किया गया. कार्यक्रम का प्रभावी संचालन आशीष दानेज ने किया एवं अंत में आभार दीपेंद्र सिंह सोलंकी द्वारा व्यक्त किया गया.

# खजराना में टेंट गोदाम में आग, चार दमकलों ने पाया काबू

▶ कर्बला के पास सुबह लगी आग, फायर रोबोट और जेसीबी की मदद से बुझाई



**इंदौर. खजराना थाना क्षेत्र के कर्बला के पास सोमवार सुबह टेंट हाउस के गोदाम में आग लग गई. आग इतनी तेज थी कि धुआं कई किलोमीटर दूर से दिखाई देने लगा. सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया.**

फायर ब्रिगेड के अनुसार, गोदाम में आग लगने के बाद कुछ ही देर में उसने विकराल रूप ले लिया. मौके पर चार दमकल गाड़ियां पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया. गोदाम में शादी ब्याह में उपयोग होने वाला टेंट और डेकोरेशन का सामान भरा होने से आग तेजी से फैलती गई. आग पर काबू पाने के लिए नगर निगम के फायर फाइटिंग रोबोट का भी उपयोग किया. साथ ही टीन शेड को हटाने के लिए जेसीबी और पोकलेन मशीन लगाई गई, ताकि अंदर तक पानी पहुंचाया जा सके. फायर ब्रिगेड और नगर निगम की टीमों ने मिलकर करीब 26 से अधिक टैंकर पानी का इस्तेमाल कर आग पर नियंत्रण पाया. प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों का खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा.

# बाइक खड़ी करने पर विवाद, युवक पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला

▶ एमआईजी क्षेत्र की घटना, केस दर्ज, आरोपी फरार, पुलिस कर रही तलाश

**इंदौर. एमआईजी थाना क्षेत्र के देव नगर में रविवार रात मामूली विवाद में युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया. घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आरोपी लगातार वार करता नजर आ रहा है. हमले में घायल युवक को एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.**

देव नगर निवासी अमित बौरासी ने यादव परिवार के घर के बाहर बाइक खड़ी कर दी थी. इसी बात को लेकर वहां रह रहे गौतम यादव (निवासी कुलकर्णी भट्टा) ने आपत्ति जताई, जिससे दोनों के बीच विवाद हो गया. बताया गया कि गौतम हाल ही में अपनी मां से विवाद के बाद चाचा के घर रहने आया था. विवाद बढ़ने पर आरोपी गौतम घर से चाकू लेकर आया और अमित पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया. हमले में अमित को चार जगह चाकू लगे दो जांघ पर, एक सीने के पास और एक पीठ पर. गंभीर हालत में उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया. थाना प्रभारी सीबीसिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दो तीन आपराधिक प्रकरण पहले से दर्ज हैं. मामले में प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है.



# अवैध रूप से पेड़ काटने पर सवा दो लाख का जुर्माना

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. नगर निगम उद्यान विभाग द्वारा सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र में अवैध रूप से पेड़ काटने पर सवा दो लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया. उक्त कृत्य को पर्यावरण संरक्षण नियमों का उल्लंघन मानकर निगम ने फैक्ट्री संचालक पर कार्रवाई की है.**

आज नगर निगम उद्यान विभाग ने सांवेर रोड सेक्टर-सी इंडस्ट्रियल एरिया में गुडविल ट्रैंड्स के संचालक शाहरुख खान खिलाफ कार्रवाई की. गुडविल ट्रेड्स के संचालक ने बिना अनुमति तीन इमली के पेड़ों को जड़ से काट दिए. उक्त मामला सामने आने के बाद निगम उद्यान विभाग ने मौके पर जाकर जांच की. जांच में तीनों पेड़ों को पूर्ण रूप से काटा जाना पाया गया. नगर निगम उद्यान विभाग ने दो लाख पच्चीस हजार रुपए का स्पॉट फाइन लगाकर जुर्माना वसूल किया. उद्यान प्रभारी राजेंद्र राठौर ने कहा कि शहर की हरियाली को नुकसान पहुंचाने वालों के विरुद्ध निगम द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जाएगी. बिना अनुमति किसी भी प्रकार से पेड़ काटना दंडनीय अपराध है।

# भारत फिर से सोने की चिड़िया कहलाएगा और विश्व गुरु बनेगा

▶ अभ्यास मंडल की ग्रीष्मकालीन व्याख्यान माला में बोले भाजपा मप्र प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह





**इंदौर. वर्ष 2047 का भारत विश्व का नेतृत्व करने वाला भारत होगा. वह भारत एक बार फिर सोने की चिड़िया के रूप में पहचाना जाएगा. वह भारत विश्व गुरु होगा। पूरी दुनिया भारत के बताएं रास्ते पर चलेगी.**

यह बात भाजपा के मध्य प्रदेश के प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह ने कही. वे आज यहां अभ्यास मंडल द्वारा आयोजित 66वीं ग्रीष्मकालीन व्याख्यान माला को संबोधित कर रहे थे. उनका विषय था भारत दृष्टि 2047. अपनी बात को आंकड़ों के साथ रखते हुए उन्होंने कहा कि बीते हुए जमाने में भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था. यह इसलिए कहा जाता था क्योंकि भारत के हर मंदिर में सोना लगा हुआ था. देश की आजादी के पहले अंग्रेज हमारे देश से सोना लूट कर ले गए. अब यदि हम आज की स्थिति की चर्चा करें तो भारत सरकार ने विरासत से विकास का लक्ष्य तय किया है. आचार्य चाणक्य ने कहा था कि देश की प्रगति के लिए कोष और सैन्य शक्ति का मजबूत होना जरूरी है. राजनीतिक गुलामी से पहले आर्थिक गुलामी आती है. हम हमारे देश के मंदिरों की चर्चा करें तो सोमनाथ के मंदिर पर 25 साल पूर्व किसी भी गुंबद पर सोना नहीं था और आज हर गुंबद सोने का है. मुंबई के सिद्धि विनायक गणेश मंदिर पर पूरा मंदिर सोने का है. बाबा विश्वनाथ का मंदिर पूरा राजा रणजीत सिंह ने सोने का बनवा दिया। इस तरह एक बार फिर हम वैभवशाली स्थिति की ओर बढ़ रहे हैं. कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथि का स्वागत मुरली खंडेलवाल, इशान श्रीवास्तव, मेघा बर्वे ने किया। अतिथि का परिचय अशोक कोठारी ने दिया. संचालन माला सिंह ठाकुर ने किया. आभार प्रदर्शन अशोक बडजात्या ने किया.

### हर क्षेत्र में प्रगति होनी चाहिए

उन्होंने कहा कि आज विश्व की अर्थव्यवस्था में भारत चौथे स्थान पर है. इस समय हमारी इकोनॉमी 4.76 ट्रिलियन डॉलर की है. वर्ष 2029 तक हम तीसरे स्थान पर पहुंच जाएंगे और 2035 तक 10 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच जाएंगे. जब वर्ष 2047 आएगा तब अर्थव्यवस्था में भारत दुनिया में नंबर एक पर होगा. उन्होंने कहा कि विकसित राष्ट्र से मतलब होता है कि देश के हर नागरिक के पास मकान हो, कोई भूखा नहीं सोए. हमारे देश में 2013 में प्रति व्यक्ति आय 59000 थी जो कि अब 2.46 लाख रुपए है. शिक्षा की दर, आवास की व्यवस्था, रेलवे का इलेक्ट्रिफिकेशन सभी कुछ बहुत बेहतर हो गया है. डॉ सिंह ने कहा कि विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए यह आवश्यक है कि सभी राज्य समान रूप से आगे बढ़ेंगे तो ही हम लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे. हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति होना चाहिए.

# विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़ा : रेलवे के दावे और स्टेशनों की हकीकत पर उठे सवाल



**इंदौर.** पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़ा अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को लेकर विभिन्न स्टेशनों पर जागरूकता कार्यक्रम एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है, लेकिन रेलवे स्टेशनों की वास्तविक स्थिति इन अभियानों की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े कर रही है.

रतलाम मंडल के अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार 15 मई से 5 जून तक चल रहे इस अभियान के अंतर्गत नागदा स्टेशन पर यात्रियों और रेल कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता बनाए रखने, अधिक पौधारोपण करने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के प्रति जागरूक किया गया. साथ ही गीले, सूखे और प्लास्टिक कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में डालने के महत्व की जानकारी भी दी गई. वहीं, इंदौर रेलवे स्टेशन पर कर्मचारियों के लिए जलवायु परिवर्तन, अपशिष्ट प्रबंधन और सतत विकास विषयों पर कार्यशालाएं आयोजित की गईं तथा यात्रियों को 'पुन: उपयोग होने वाली पानी की बोतल साथ रखें' का संदेश दिया गया. हालांकि रेलवे के इन जागरूकता अभियानों के बीच कई स्टेशनों पर अब भी प्लास्टिक कचरा, ट्रैक किनारे गंदगी और अव्यवस्थित सफाई व्यवस्था देखने को मिल रही है. ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर चलाए जा रहे अभियान जमीनी स्तर पर कितने प्रभावी साबित हो रहे हैं.

### गतिविधियां लगातार जारी रहेंगी

रेलवे प्रशासन का कहना है कि विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़ा के दौरान आगामी दिनों में भी स्वच्छता अभियान, पौधारोपण और जागरूकता गतिविधियां लगातार जारी रहेंगी, ताकि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता को और अधिक बढ़ावा दिया जा सके.

# समय सीमा बैठक में दावे बड़े, जमीन पर सवाल कायम

▶ गुणवत्ता, संवाद और राजस्व वसूली के निर्देशों के बीच उपभोक्ताओं की परेशानी बरकरार

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर. मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की सोमवार को आयोजित समय सीमा बैठक में प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति, उपभोक्ताओं से बेहतर संवाद और समय पर राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. हालांकि बैठक में दिए गए निर्देशों ने एक बार फिर बिजली व्यवस्था की मौजूदा खामियों और विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं.**

एमडी ने साफ कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, लेकिन हकीकत यह है कि उपभोक्ता लंबे समय से बिजली कटौती, ट्रिपिंग, खराब मेंटेनेंस और शिकायतों के निराकरण में देरी जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं. बैठक में अधिकारियों को विशेष रूप से उपभोक्ताओं और जनप्रतिनिधियों से बेहतर संवाद बनाने की नसीहत देना भी इस बात का संकेत माना जा रहा है कि विभाग की छवि और कार्यशैली को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं. राजस्व वसूली को प्राथमिकता देने के निर्देश ऐसे समय दिए गए हैं जब आम उपभोक्ता बढ़े हुए बिजली बिलों और बार-बार जारी होने वाले बकाया नोटिसों से परेशान हैं. विभाग उपभोक्ता सुविधाओं में सुधार से ज्यादा वसूली पर फोकस करता नजर आ रहा है.

### पिछले वित्तीय वर्ष की रिपोर्ट मांगी

बैठक में अधिकारियों से पिछले वित्तीय वर्ष के राजस्व संग्रहण, विजिलेंस कार्रवाई, शिकायत निवारण, मीटरीकरण और परियोजना कार्यों की रिपोर्ट मांगी गई. साथ ही स्पष्ट किया गया कि आगामी पदस्थापना में इन्हीं रिपोर्टों को आधार बनाया जाएगा. इससे विभागीय अधिकारियों पर दबाव की स्थिति भी बन सकती है.

### मेंटेनेंस की समय पर सूचना देने के निर्देश

एमडी ने वर्षाकाल पूर्व तैयारी, बिजली सामग्री का स्टॉक बनाए रखने और मेंटेनेंस की समय पर सूचना देने के निर्देश भी दिए, जबकि हर वर्ष बारिश के दौरान शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था चरमराने की शिकायतें सामने आती रही हैं. बैठक में प्रकाश सिंह चौहान, गजरा मेहता, एसएल करवाड़िया सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे.

# महिलाओं के अधिकार, स्वावलंबन, कानूनी सुरक्षा पर किया मंथन

▶ दिगंबर जैन सकल नरसिंहपुरा का राष्ट्रीय महिला मोर्चा अधिवेशन संपन्न



**इंदौर.** अखिल भारतीय दिगम्बर जैन सकल नरसिंहपुरा संस्थान का राष्ट्रीय महिला मोर्चा का राष्ट्रीय अधिवेशन इन्दौर में हुआ. समाज अध्यक्ष तृप्ति जैन के मुख्य आतिथ्य एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ हेमलता जेतावत की अध्यक्षता में कई महिला सशक्तीकरण व नारी तु नारायणी जैसे विषयों पर विचार विमर्श एवं निर्णय लिए गए.

सर्वप्रथम महिला मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ हेमलता जेतावत ने स्वागत भाषण दिया एवं महामंत्री विभा सुरावत द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया. परम संरक्षक कुन्ती लाल जैन ने संस्थान की वर्ष भर में होने वाली गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुरुष प्रधान देश परम्परा पर विराम अगर मातृशक्ति ठान लें तो अपने एवं परिवार का भविष्य उज्जवल कर सकती हैं. हमारी सरकार भी हमें 33% का आरक्षण देने वाली है तो हम पीछे क्यों रहे. सदन में प्रस्ताव रखा कि आने वाले अधिवेशन में हमें संस्कारित सास, बहू का एकसाथ बहुमान करने एवं संयुक्त परिवार का सम्मान किया जाए जिसे उपस्थित सभी मातृशक्ति ने दोनों हाथों को उठा कर सर्वसम्मति से पास किया. अधिवेशन में रानू डांगरा ने महिला स्वावलंबन एवं प्राचीन आदर्श पर, डॉ अपूर्वा जैन ने कानूनी सुरक्षा एवं महिलाओं टीना हथियावत द्वारा शिक्षा एवं स्वास्थ्य पोषण परके अधिकार, जैनाचार्य एवं प्राचीन आदर्श पर डॉ हेमलता जेतावत ने व्याख्यान दिया. म.प्र. संस्थान के प्रवक्ता प्रवीण जैन ने बताया कि अधिवेशन में विशेष आमंत्रित संस्थान के संरक्षक पवन वोरा, मध्यप्रदेश राज्य अध्यक्ष विदर्भ जैन, महामंत्री दिलिप भोलिया मंदसौर, राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष पंकज कलशधर प्रतापगढ़, महामंत्री प्रितम अरनोद, राष्ट्रीय महामंत्री रितेश सुरावत, मंत्री जीवंधर हाथी, मंत्री अनिल जैन विशाखा, प्रोफेसर डॉ डी के जैन, उधोगपति पवन नशनावत, महावीर नशनावत, मेहता मांगी लाल खांदू कोलोनी, इन्दौर से कल्पना जैन, सहित अनेक राज्यों से गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे. संचालन सुनीता किकावत ने किया. उर्मिला जैन बांसवाड़ा ने आभार माना.

### इनको किया सम्मानित...

राष्ट्रीय महिला मोर्चा ने इस अवसर पर सुश्री शली.पुत्री शैलेश जैन को आरएएस बनने पर एवं शिक्षा जगत में उच्च पद प्राप्त करने पर टीना हथियावत, डॉ अपूर्वा मयंक जैन, आरती राहुल जैन आनन्दपुरी शिल्पा अतुल कोठारी लोहारिया का सम्मान पत्र प्रदान कर बहुमान किया गया. साथ ही समाज की उभरती हुई प्रतिभा विहान गुगरावत ने अपनी कविता से पूरे सदन को मंत्र मुग्ध कर दिया.

एक नजर में ▶ राइजिंग विद रूट्स कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति, लोकसंगीत और जीवन मूल्यों का अद्भुत संगम

# भारतीय परंपराएं जीवन जीने की वैज्ञानिक पद्धति





**इंदौर.** इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा ऑस्कर फोर्ट, बिचोली मर्दाना में आयोजित विशेष सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम 'राइजिंग विद रूट्स' आयोजित किया गया. कार्यक्रम में शहर के कार्यक्रम में शहर के उद्योगपति, प्रोफेशनल्स और आईएमए सदस्यों सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पद्मश्री सम्मानित लोक गायिका मालिनी अवस्थी रहीं. उन्होंने अपने विचारों और मधुर लोकगीतों के माध्यम से उपस्थितजनों को भारतीय लोकसंस्कृति की गहराई से परिचित कराया. उन्होंने गांव की जीवन शैली, भारतीय परिवार व्यवस्था, लोकभाषाओं और परंपराओं की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत की असली शक्ति उसकी संस्कृति और जड़ों में बसती है. हर भारतीय रसोई आयुर्वेद की एक संपूर्ण प्रयोगशाला है. हमारी दादी-नानी को यह ज्ञान था कि किस मौसम में क्या खाना चाहिए और क्या नहीं. भारतीय परंपराएं केवल रीति-रिवाज नहीं, बल्कि जीवन जीने की वैज्ञानिक पद्धति हैं. श्रीमती अवस्थी ने ब्रज संस्कृति, चरकुला गीतों और लोक कथाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि भारत के हर राज्य की अपनी भाषा, लोकगीत और परंपरा है, जो हमारी सांस्कृतिक पहचान को मजबूत बनाती है.

उन्होंने परिवार, बेटियों, समाज और महिलाओं की भूमिका पर भी विशेष चर्चा करते हुए कहा कि आधुनिक जीवन में करियर और कार्यक्षेत्र महत्वपूर्ण हैं, लेकिन परिवार और संस्कारों का महत्व कभी कम नहीं होना चाहिए. व्यक्ति चाहे कितना भी धन, सफलता और ऐश्वर्य प्राप्त कर ले, यदि वह अपनी संस्कृति और जड़ों से दूर हो जाए तो उसका जीवन अधूरा रह जाता है. भारतीय संस्कृति और शास्त्रों को हमेशा साथ लेकर चलना चाहिए और आने वाली पीढ़ी तक उनके महत्व को पहुंचाना चाहिए. इस अवसर पर उन्होंने कई प्रसिद्ध लोकगीत प्रस्तुत किए, जिनका उपस्थित लोगों ने भावविभोर होकर आनंद लिया.

### संस्कारों से जुड़े रहना आवश्यक : जान्हवी सिंह

कार्यक्रम में युवा प्रेरक वक्ता एवं स्कूल ऑफ सत्त्व संघ की संस्थापक सुश्री जान्हवी सिंह ने युवाओं को भारतीय मूल्यों, आध्यात्मिक विकास और सकारात्मक जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी तेजी से आधुनिकता की ओर बढ़ रही है, लेकिन आधुनिकता के साथ अपनी जड़ों और संस्कारों से जुड़े रहना भी उतना ही आवश्यक है. कार्यक्रम के दौरान रामायण के प्रसंगों के माध्यम से टीमवर्क और सामूहिक प्रयास का महत्व भी समझाया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को भारतीय संस्कारों, परिवार व्यवस्था, लोक संस्कृति एवं सकारात्मक जीवन दृष्टि से जोड़ना था.